देवघर
सोमवार, 25 जुलाई 2022
श्रावण कृष्ण पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत् 2079
मूल्य ₹ 3.00 कुल पृष्ठ 12
आमंत्रण मूल्य ₹ 2.00
epaper.indianpunch.com
वर्ष : 41, अंक : 202, रजिस्ट्रेशन : 39728/84

संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक
इंडियन पंच
तथ्य दिखे, निष्पक्ष लिखे



एलओसी पर पाकिस्तानी सेना के लिए चीन ... 9
11 नीरज ने विश्व चैंपियनशिप में 19 साल बाद ...



# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों का 10वीं व 12वीं में रहा शानदार प्रदर्शन








आसनसोल। पांडवेश्वर। संवाददाता।

स्थानीय दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर स्कूल, अध्यापकों तथा अभिभावकों को गौरवान्वित किया। सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अमीषा बांका प्रथम स्थान पर रही। अमीषा बांका कुल 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान पर रही। 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ अंकिता रंजन प्रसाद ने द्वितीय तथा ए. वैष्णवी ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर, बारहवीं के छात्रों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर छात्रों ने स्कूल तथा अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। विज्ञान संकाय के राकेश महतो ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय की कोमल सिंह 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहीं तथा विज्ञान संकाय की स्नेहा कविराज 89.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। पांडवेश्वर संवाददाता के अनुसार, डीएवी पब्लिक स्कूल पांडवेश्वर का केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड की दसवीं का परीक्षा परिणाम भी सौ फीसदी रहा, जिसमें 191 परीक्षार्थियों में से सभी ने परीक्षा पास किया, जिनमे अर्पणा भट्टाचार्य, स्कूल टॉपर रही। अल्पना सिंह को दूसरा और प्रांजल सिंह और सयान गराई को तीसरा स्थान स्कूल में मिला। दसवीं और बारहवी का परीक्षा परिणाम सौ फीसदी रहने पर स्कूल के चेयरमैन सह पांडवेश्वर क्षेत्र के महाप्रबंधक किशोर कुमार ने स्कूल के प्राचार्य डीआर मोहंती समेत स्कूल के शिक्षकों को अच्छी शिक्षा देने के लिये बधाई दिया है।